दिन– बुधवार

दिनांक– 11 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए विपक्ष द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से हुआ खारिज।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के दौरान अररिया के फारबिसगंज में नये हवाई अड्डे के निर्माण की घोषणा।

03. राज्य में एलपीजी की कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई हुई तेज। सासाराम से जमाखोरी के आरोप में दो लोग लिये गये हिरासत में।

04. और, मौसम विभाग ने कल पूर्वी चम्पारण, शिवहर, मधुबनी, सुपौल और किशनगंज समेत आठ जिलों में हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया।

---

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए विपक्ष द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हो गया है। श्री बिरला पर सदन की कार्यवाही के दौरान भेदभाव करने का आरोप था। इस प्रस्ताव पर सदन में दस घंटे लम्बी चर्चा चली। विपक्ष के हंगामे के बीच पीठासीन अधिकारी जगदम्बिका पाल ने अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने की घोषणा की।

–––साउंड बाईट–––

इससे पहले अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुये केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सदन आपसी विश्वास और तय नियमों के अनुसार चलता है। उन्होंने कहा कि चार दशक बाद फिर से लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया है जो संसदीय राजनीति और सदन दोनों के लिए अफसोसजनक घटना है।

–––साउंड बाईट–––

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जब सदस्य आसन की निष्ठा पर सवाल खड़े करते हैं, तो इसकी निंदा होनी चाहिए।

–––साउंड बाईट–––

इससे पहले चर्चा में भाग लेते हुये नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें सदन में बोलने पर बार–बार टोका जाता है।

---

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए ईंधन की कोई कमी नहीं है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार देश के घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती ऊर्जा की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि भारत का ऊर्जा आयात विभिन्न स्रोतों और मार्गों से लगातार जारी है। इधर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई प्रभावी कदम उठाये हैं।

———साउंड बाईट———

इस बीच, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि सभी प्रमंडलीय आयुक्त और जिलाधिकारियों को रसोई गैस और पेट्रोल के जमाखोरों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले को लेकर पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है।

———साउंड बाईट———

इधर, राज्य में एलपीजी की जमाखोरी के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गयी है। जगह–जगह पुलिस अभिरक्षा में सिलेंडर का वितरण करवाया जा रहा है। इस बीच, सासाराम नगर थाना क्षेत्र के जक्की शहीद वार्ड संख्या उन्नीस स्थित एक किराना दुकान में प्रशासन की टीम ने छापेमारी कर दस घरेलू गैस सिलेंडर जब्त की है। इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि सरकार अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है। आज अररिया में समृद्धि यात्रा के दौरान जनसंवाद को संबोधित करते हुये श्री कुमार ने कहा कि पचास लाख युवाओं को नौकरी दी गयी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

———साउंड बाईट———

किशनगंज में जन संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके शासनकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत संरचना जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हुए। उन्होंने कहा कि जल्द ही पैंतालीस हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी।

———साउंड बाईट———

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने सुशासन के साथ विकास के नये प्रतिमान गढ़े हैं। उन्होंने कहा कि राज्यसभा जाने के बाद भी नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में ही राज्य सरकार काम करेगी। उपमुख्यमंत्री ने अररिया के फारबिसगंज में नये हवाई अड्डे के निर्माण की घोषणा की।

---साउंड बाईट---

मुख्यमंत्री ने अररिया जिले में पांच सौ छियालीस करोड़ रुपये लागत वाली अड़सठ और किशनगंज में दो सौ पैंतीस करोड़ रुपये लागत से एक सौ बाईस विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने दोनों जिले में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की।

---

सुपौल के बीरपुर हवाई अड्डे के विकास और उन्नयन के लिए छत्तीस करोड़ अड़तीस लाख रूपये की निविदा प्रकाशित की गयी है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके तहत आधुनिक टर्मिनल भवन, एटीसी टावर और फायर स्टेशन समेत अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं का विकास किया जायेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए पन्द्रह महीने का समय निर्धारित किया गया है।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार बत्तीस वर्षीय एक व्यक्ति को निष्क्रिय इच्छा मृत्यु की अनुमति दी है। न्यायालय ने पिछले बारह वर्षों से अधिक समय से कोमा में पडे व्यक्ति के कृत्रिम जीवन रक्षक यंत्र को हटाने की अनुमति दे दी है। निष्क्रिय इच्छा मृत्यु ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें जीवन रक्षक यंत्र या उसे जीवित रखने के लिए आवश्यक उपचार को रोक दिया जाता है या हटा दिया जाता है। गाजियाबाद के रहने वाले पंजाब विश्वविद्यालय के छात्र हरीश राणा को दो हजार तेरह में अपने पीजी की चौथी मंजिल से गिरने के बाद सिर में गंभीर चोटें आईं थी। इसके बाद से वह एक दशक से अधिक समय से कोमा में हैं।

---

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने हड़ताली अंचलाधिकारियों और राजस्व कर्मियों से एक बार फिर काम पर वापस लौटने की अपील की है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि काम करने वाले कर्मियों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

---साउंड बाईट---

---

बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गयी है। एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल इमान ने आज राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव से मुलाकात की। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक के दौरान श्री यादव ने राजद उम्मीदवार के लिए एआईएमआईएम से समर्थन मांगा है। कल भी पटना में महागठबंधन के विधायकों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी।

---

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बीसीसीआई ने आईसीसी टी–20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के लिए एक सौ इकतीस करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। यह पुरस्कार सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली विजेता टीम के पन्द्रह खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और अन्य सहायक कर्मचारियों के बीच बांटा जाएगा। भारतीय टीम ने फाइनल में न्यूजीलैंड को छियानवे रनों से हराकर रिकॉर्ड तीसरी बार विश्व कप का खिताब अपने नाम किया था।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि कल पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने के साथ मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

---

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय द्वारा आज पासपोर्ट अदालत का आयोजन किया गया। आरपीओ पटना परिसर में आयोजित इस अदालत में छह महीने से अधिक समय से लम्बित मामलों का निपटारा किया गया। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी स्वधा रिजवी ने बताया कि अदालत में नब्बे आवेदन आये जिसमें से पचास का निष्पादन कर दिया गया। शेष मामलों का जल्द ही निपटारा कर दिया जायेगा।

---

भागलपुर के घोघा गंगा घाट पर नदी में डूब रही एक महिला को बचाने के क्रम में तीन युवकों की मौत हो गयी। हालांकि महिला को सुरक्षित बचा लिया गया है। तीनों युवक महिला के भतीजे थे।

---

मधुबनी जिले के बिस्फी थाना में तैनात डायल एक सौ बारह के पुलिस अवर निरीक्षक कमलेश राम को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित पुलिस अवर निरीक्षक

का एक शराब कारोबारी से शराब मांगने का वीडियो वायरल होने पर यह कार्रवाई की गयी है।

---

जमुई जिले के सिकंदर चौक से एसटीएफ और खगड़िया पुलिस ने पच्चीस हजार रूपये के ईनामी अपराधी अक्षय कुमार को गिरफ्तार किया है। उसके विरूद्ध चौथम थाना में कई मामले दर्ज हैं।

---

रोहतास जिले के डिहरी थाना क्षेत्र से पुलिस ने मादक पदार्थ स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

मुंगेर जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान ई–रिक्शा से भारी मात्रा में शराब बरामद कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है।

---

शेखपुरा जिला निबंधन और परामर्श केंद्र में आयोजित एकदिवसीय रोजगार मेले में एक सौ दो युवाओं को रोजगार प्रदान किया गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए विपक्ष द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से हुआ खारिज।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के दौरान अररिया के फारबिसगंज में नये हवाई अड्डे के निर्माण की घोषणा।

03. राज्य में एलपीजी की कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई हुई तेज। सासाराम से जमाखोरी के आरोप में दो लोग लिये गये हिरासत में।

04. और, मौसम विभाग ने कल पूर्वी चम्पारण, शिवहर, मधुबनी, सुपौल और किशनगंज समेत आठ जिलों में हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।